2. मकैन्जीज लि०

3. नेशनल इन्डिया ट्रेडर्स (प्रा०) लि०

4. ओरियन्टर टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन (प्रा०) लि०

5. पल्प्स इन्डस्ट्रीज लि0

6. रैयन पल्प मैन्यूफैक्चरिंग कम्पनी लि०

इस समूह का वर्णन न तो एकाधिकार जांच कमीशन द्वारा ग्रौर न ग्रौद्योगिक नीति ग्रनुज्ञापन जांच समिति द्वारा किया गया था ।

(ख) ग्रौर (ग) ग्रावश्यक सूचना संग्रह की जा रही है वह सदन के पटल पर प्रस्तुत कर दी जायेगी ।

**इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर बुकिंग तथा ग्रारक्षण की मिश्रित प्रणाली**

4042. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या रेलवे मंत्री 19 ग्रगस्त, 1969 के ग्रतारांकित प्रश्न संख्या 3992 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के विचाराधीन इलाहबाद रेलवे स्टेशन पर बुकिंग तथा ग्रारक्षण की मिश्रित प्रणाली ग्रारम्भ करने सम्बन्धी योजना के सम्बन्ध में ग्रब तक कोई निर्णय किया जा चुका है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस स्टेशन पर बुकिंग तथा ग्रारक्षण एक ही खिड़की पर करने की बजाय दो खिड़कियों पर किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप जनता का समय बरबाद होता है ग्रौर कर्मचारियों की कार्य कुशलता का ह्रास होता है ;

(ग) क्या सरकार इस मामले में शीघ्र निर्णय करेगी ग्रौर यदि हां, तो कब; ग्रौर

(घ) ग्रब तक निर्णय न किये जाने के क्या कारण हैं ।

**विधि तथा समाज कल्याण ग्रौर रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन)** : (क) जी हां ।

(ख) जी हां । इलाहाबाद स्टेशन की ग्रलग ग्रलग खिड़कियों पर टिकट देने ग्रौर ग्रारक्षण करने के कारण कुछ ग्रसुविधा होने की रिपोर्ट मिली है ।

(ग) ग्रौर (घ). इलाहाबाद स्टेशन पर टिकट देने ग्रौर स्थान ग्रारक्षित करने की मिली-जुली व्यवस्था करने से पहले पूछताछ कार्यालय की इमारत में कुछ परिवर्तन करने होंगे । जैसे ही परिवर्तन हो जायेंगे, नयी प्रणाली लागू कर दी जायेगी ।

**लूटपाट रोकने के लिए चलती गाड़ियों में सशस्त्र पुलिस की व्यवस्था**

4043. **श्री हुकम चन्द कछवाय** :
**श्री श्रीचन्द गोयल** :
**श्री ग्रा० सुन्दर लाल** :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चलती गाड़ियों में लूटपाट की बढ़ती हुई घटनाग्रों को रोकने के लिये गाड़ियों में सशस्त्र पुलिस की व्यवस्था करने के सम्बन्ध में कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; ग्रौर

(ख) यदि हां, तो इस योजना को पहले किस रेलवे में लागू किया जायेगा ग्रौर इस प्रयोजन के लिये ग्रारम्भ में कितने व्यक्तियों की ग्रावश्यकता पड़ेगी ?

**विधि तथा समाज कल्याण ग्रौर रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन)** : (क) ग्रौर (ख). रेलों पर ग्रपराधों को रोकने के लिये ग्रावधिक मूल्यांकन किया जाता है ताकि इसे समाप्त करने के लिये उपाय निकाले जा सकें । रात की महत्वपूर्ण गाड़ियां उत्तर प्रदेश, बिहार ग्रौर बंगाल के राज्यों में सशस्त्र पुलिस के पहरे में भेजी जा रही है ।

माल गाड़ियों में लूट-पाट करने/चोरी करने वाले क्षेत्रों में सशस्त्र रेलवे सुरक्षा दल के कर्मिकों द्वारा पहरा दिया जा रहा है और माल गाड़ियां भी उनकी अभिरक्षा में भेजी जाती हैं।

**Shortfall in Production of Leather Goods**

4044. SHRI SITARAM KESRI: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there has been a considerable shortfall in the production of leather goods during the last two years;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) the steps Government propose to take to give incentives to leather industry to enable them to increase their production?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED): (a) and (b). As a large amount of production of leather goods is in the small scale sector the exact production figures are not available. However footwear production in the large scale sector has been as follows:—

| *Year* | *Million pairs* |
|---|---|
| 1966 | 16.9 |
| 1967 | 17.9 |
| 1968 | 18.2 |

(c) (i) The export of raw hides is banned.

(ii) The export of raw goat skins is restricted and is allowed on export quota. The present export quota is 20 per cent of the best years exports during 1954—58.

(iii) The import of raw hides and skins and wattle extract/bark is allowed under O.G.L.

(iv) Leather and leather goods industries are included in the list of Priority Industries and liberal import of raw materials are permitted.

(v) Under the registered exporter policy raw materials are allowed to be imported against exports of leather and leather goods.

(vi) The units in the small scale sector are being encouraged to set up mechanised and semi-mechanised units. The National Small Industries Corporation is supplying machinery under hire-purchase system; technical advice is being rendered by the Small Scale Industries Organisation, and financial assistance is being given by various financial institutions.

**Bharat Barrel and Drum Mfg. Company (P.) Ltd.**

4045. SHRI SITARAM KESRI: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1251 on the 29th July, 1969 and state:

(a) what is the licensed capacity of the original plant of Bharat Barrel and Drum Mfg. Company (Private) Ltd., for 45 gallon barrels;

(b) whether it is a fact that Government while amending their Industrial Licence dated 20th July 1960 had agreed to allot raw material to them on the basis of 3600 numbers of barrels per day on single shift;

(c) if so, whether Government have ever allotted raw materials to them on the basis of 3600 number of barrels per day on the single shift; and

(d) if not, the reasons therefor?